# हिन्दी

## अध्याय-8: काबुलीवाला




SHIVOM CLASSES 8696608541

## NCERT SOLUTIONS

## पढ़ो और समझो प्रश्न (पृष्ठ संख्या 48)

-रविंद्र नाथ टैगोर

प्रश्न 1 नायक - नायिका

उत्तर- नायक - नायिका- फ़िल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाले पुरुष को नायक तथा मुख्य भूमिका निभाने वाली स्त्री को नायिका कहा जाता है।

प्रश्न 2 बालक - बालिका

उत्तर- बालक - बालिका- छोटे बच्चे को बालक तथा छोटी बच्ची को बालिका कहते हैं।

प्रश्न 3 गायक - गायिका

उत्तर- गायक - गायिका- पुरुष गाना गाने वाले को गायक तथा महिला गाना गाने वाली को गायिका कहा जाता है।-

प्रश्न 4 लेखक - लेखिका

उत्तर- लेखक - लेखिका- कहानी, उपन्यास, लेख, नाटक इत्यादि लिखने वाले पुरुष को लेखक तथा स्त्री को लेखिका कहा जाता है।

प्रश्न 4 सेवक – सेविका

उत्तर- सेवक - सेविका- घर का काम करने वाले पुरुष को सेवक तथा स्त्री को सेविका कहा जाता है।

## पाठ संबंधी प्रश्न (पृष्ठ संख्या 48)

प्रश्न 1 मिनी को ऐसा क्यों लगता था कि काबुलीवाला अपनी झोली में चुराए हुए बच्चों को छिपाए हुए है?



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

उत्तर- काबुलीवाले के पास एक बड़ा-सा झोला होता था। वह उसे सदैव अपने कंधे पर रखता था। उसे देखकर उसके मन में यह विश्वास हो गया था कि काबुलीवाला अपनी झोली में दो-चार बच्चे चुराकर छिपा लेता है। यह विश्वास उसे अपनी माँ द्वारा भी आ सकता है क्योंकि घर के बड़े बच्चों को डराने के उद्देश्य से ऐसी बातें कह देते हैं। इस तरह वे अजनबियों से बच्चों को दूर रखने का प्रयास करते हैं।

प्रश्न 2 मिनी की काबुलीवाले से मित्रता क्यों हो गई?

उत्तर- काबुलीवाला मिनी के पिताजी के अतिरिक्त ऐसा दूसरा व्यक्ति था, जो मिनी की बात बड़े ध्यानपूर्वक सुनता था। वह हमेशा मिनी को बादाम-किशमिश देता था तथा उसके दिल बहलाने के लिए मज़ेदार बातें भी किया करता था। बस इसी कारणों से दोनों के मध्य दूरियाँ समाप्त हो गई और वे अच्छे मित्र बन गए।

प्रश्न 3 काबुलीवाला हमेशा पैसे क्यों लौटा देता था?

उत्तर- काबुलीवाला मिनी से बहुत प्यार किया करता था। मिनी जैसी ही उसकी भी एक बेटी थी। मिनी को खुश करके उसे लगता था कि वह अपनी बिटिया को खुश कर रहा है। वह मिनी के लिए काजू-बादाम-किशमिश लाया करता था। बेटी के लिए लायी भेंट के लिए पैसे लेना उसे अच्छा नहीं लगता था। अत: वह उसके बदले दिए जाने वाले पैसे लौटा दिया करता था।

प्रश्न 4 वर्षों बाद मिनी के पिता ने काबुलीवाले को उसकी किस बात से पहचान लिया?

उत्तर- जब वर्षों बाद मिनी के पिता से मिलने काबुलीवाला आया, तो वह उसे उसकी हँसी देखकर पहचान पाए थे।

## सोचो और जवाब दो (पृष्ठ संख्या 48-49)

प्रश्न 1 रहमत ने एक धोखेबाज़ आदमी को छुरा मार दिया। क्या अगर तुम रहमत की जगह होते तो क्या करते?



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

SHIVOM CLASSES 8696608541

उत्तर- रहमत ने एक धोखेबाज़ आदमी को छुरा मार दिया। उसके द्वारा ऐसा करना उचित नहीं था। यदि मैं रहमत की जगह होता, तो उसको धोखधड़ी करने के आरोप में जेल में बंद करवा देता। सबसे पहले पुलिस थाने में जाकर उसकी रिपोर्ट लिखवाता तथा उसमें मुकदमा दायर करता। यह प्रण भी लेता कि बिना सोचे समझे किसी को उधार नहीं दूँगा।

प्रश्न 2 मिनी की माँ रहमत पर नज़र रखना चाहती थी परंतु पिता रहमत को मना नहीं कर पाते थे। तुम्हारे विचार में कौन सही था? क्यों?

उत्तर- मिनी की माँ रहमत पर नज़र रखना चाहती थीं परंतु पिता रहमत को मना नहीं कर पाते थे। कहानी पढ़कर ज्ञात होता है कि पिता सही थे। परन्तु यदि सोचा जाए, तो माताजी भी बिलकुल सही थीं। किसी भी व्यक्ति की सूरत पर नहीं लिखा होता है कि वह अच्छा है या बुरा। माँ अपने बच्चे के प्रति सचेत थीं और पिताजी को भी ऐसा करने के लिए कहती थीं। वह जानती थीं कि लोग बच्चों की मासूमियत का फायदा उठाते हैं। यदि माँ-पिता सचेत हैं, तो वे अपने बच्चों को सुरक्षित रख सकते हैं। अतः हमारे विचार से माताजी बिलकुल सही थीं।

प्रश्न 3 मान लो तुम मिनी हो। अब अपनी कहानी पूरी कक्षा में सुनाओ।

उत्तर- मेरा नाम मिनी है। मेरे पिता का नाम ... है। मेरे पिता एक लेखक हैं तथा मेरी माताजी एक गृहणी हैं। मैं घर में सबसे छोटी हूँ। अतः सबकी लाडली हूं। पिताजी तो हमेशा मुझे गोद में बिठाए रखते हैं परन्तु माताजी बहुत सख्त हैं। मेरे बहुत से मित्र हैं। परन्तु काबुलीवाला मेरा सबसे प्रिय दोस्त है। वह रोज़ शाम को घर आता है। हम दोनों मिलकर बहुत-सी बातें करते हैं। वह मेरे लिए हमेशा बादाम और किशमिश लाता है। माताजी सदैव मुझे उससे बात करने के लिए मना किया करती हैं। परन्तु मुझे उनका ऐसा कहना अच्छा नहीं लगता है। काबुलीवाला मेरा सबसे अच्छा मित्र है और मैं उससे बात करना बंद नहीं कर सकती हूँ।

प्रश्न 4 तुम नीचे लिखे वाक्य को अपनी भाषा में कैसे कहोगे?

'पलक झपकते ही रहमत का चेहरा आनंद से खिल उठा।'

उत्तर- पंजाबी में इस पंक्ति को इस प्रकार कह सकते हैं "अखां झपक नाल रहमत दा चेहरा अनंद नाल खिल उठायाँ।"



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

## सही मिलान करो (पृष्ठ संख्या 49)

प्रश्न 1

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | बे-सिर-पैर | (i) | तुरंत |
| (ख) | पलक झपकते ही | (ii) | बिना मतलब की |
| (ग) | बँधी हुई बातें | (iii) | चेहरा सामने से हटा लेना |
| (घ) | बात चलना | (iv) | निश्चित बातें/ एक ही तरह की बातचीत |
| (ङ) | मुँह फेरना | (v) | बात शुरू होना |

उत्तर-



| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | बे-सिर-पैर | (ii) | बिना मतलब की |
| (ख) | पलक झपकते ही | (i) | तुरंत |
| (ग) | बँधी हुई बातें | (iv) | निश्चित बातें/ एक ही तरह की बातचीत |
| (घ) | बात चलना | (v) | बात शुरू होना |
| (ङ) | मुँह फेरना | (iii) | चेहरा सामने से हटा लेना |

SHIVOM CLASSES 8696608541



## शब्द जाल (पृष्ठ संख्या 49)

प्रश्न 1 काबुलीवाला मेवे बेचता था। नीचे कुछ मेवों के नाम लिखे हैं। उन्हें दिए गए शब्दजाल में ढूँढो। ये संज्ञा हैं। इसकी विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण होते हैं। उसे भी सोचकर लिखो।

क पिस्ता
ख छुआरा
ग बादाम
घ काजू
ङ किशमिश
च अखरोट


| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| का | जू | का | पि | का |
| कि | बा | दा | मि | छु |
| श | पि | स्ता | ट | आ |
| मि | श | रो | आ | रा |
| श | अ | ख | रो | ट |
| छु | बा | दा | म | जू |

उत्तर-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| का | जू | का | पि | का |
| कि | बा | दा | मि | छु |
| श | पि | स्ता | ट | आ |
| मि | श | रो | आ | रा |
| श | अ |ख | रो | ट |
| छु | बा | दा | म | जू |

## घूमना-फिरना (पृष्ठ संख्या 49)

प्रश्न 1 'काबुलीवाला के साथ बातचीत करने से बाहर जाने का काम हो जाता है।' मिनी के पिता का ऐसा कहना बताता है कि वह काबुली से बात करके बाहर के देश-दुनिया के बारे में जानकारी प्राप्त कर लेता था। आज उसके अलावा और किन किन साधनों से देश-विदेश के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकती है?

सूची बनाओ।

उत्तर- निम्नलिखित साधनों से जानकारी प्राप्त की जा सकती है-

1. कंप्यूटर (इंटरनेट) के माध्यम से।
2. टी.वी. के माध्यम से।
3. सिनेमा के माध्यम से।




SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

4. पुस्तकों के माध्यम से।
5. चित्रों के माध्यम से।
6. समाचार-पत्रों के माध्यम से।
7. पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से।

## देखो, समझो और करो (पृष्ठ संख्या 50)

प्रश्न 1



a. पहले खाने में घड़ा है।

b. तीसरे खाने में_____है।

c. पाँचवे खाने में पगड़ी है।

d. _______खाने में कुर्ता है।

e. नौंवे खाने में_______है।

f. ________खाने में चूहा है।

g. दूसरे खाने में________है।

h. ________खाने में_______है। यह हमारा राष्ट्रीय पक्षी है।

i. ________खाने में_______है। इसे चेहरे पर लगाते हैं।

उत्तर-

a. पहले खाने में घड़ा है।

b. तीसरे खाने में **<u>साँप</u>** है।

SHIVOM CLASSES 8696608541



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

c. पाँचवे खाने में **पगड़ी** है।

d. **छठे** खाने में **कुर्ता** है।

e. नौंवे खाने में **गिलास** है।

f. **आठवे** खाने में चूहा है।

g. दूसरे खाने में **सीढी** है।

h. **सातवें** खाने में **मोर** है। यह हमारा राष्ट्रीय पक्षी है।

i. **चौथे** खाने में **मुखौटा** है। इसे चेहरे पर लगाते हैं।

## देखो, समझो और करो (पृष्ठ संख्या 50)

प्रश्न 1

| | | | |
|---|---|---|---|
| बेटी | काबुलीवाला | नायक | जेल |
| खिड़की | झोली | पैर | बच्चा |
| रहमत | | | |

ये संज्ञा है। इनकी विशेषता बताने वाले शब्द को विशेषण कहते हैं। तुम्हें इनके साथ जो भी विशेषण ठीक लगे उसे लगाकर वाक्य बनाओ।

उत्तर-

1. **बड़ी** बेटी को घर लेकर आना।
2. काबुलीवाला **अच्छा** है।
3. नाटक में **बूढ़ा** नायक पहली बार सुना है।
4. **बड़ी** जेल में इन्हें भेज दो।
5. **विशाल** खिड़की मेरे पिताजी ने बनवाई थी।
6. **तुम्हारी** झोली में चार आम रखे हैं।
7. **छोटे** पैर बहुत सुंदर लगते हैं।
8. **शैतान** बच्चा रो रहा है।
9. रहमत **सच्चा** है।



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

SHIVOM CLASSES 8696608541